BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345






शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# एसडी सिंगनोडिया कॉलेज के विद्यार्थियों का वेलकम और फेयरवेल समारोह आयोजित




**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित शंकर लाल धनराज सिंगनोडिया कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की एमबीए डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों का समारोह आयोजित किया गया। डिपार्टमेंट के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 –25 में प्रवेश पाने वाले छात्रों का वेलकम तथा वर्ष 2022–24 में शिक्षा ग्रहण कर जाने वाले छात्रों का फ़ेयरवेल समारोह छात्रों द्वारा आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. पल्लवी रंगनाथ ने कॉलेज के प्रधानाध्यापक सी.एच. डालपडाल, अग्रवाल शिक्षा समिति के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सरोज जैन, एल. एन. गुप्ता इवनिंग कॉलेज के कोरेस्पोंडेंट महेश कुमार अग्रवाल, डिपार्टमेंट के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल, मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल को मंच पर आमंत्रित कर पुष्पगुच्छ एवं शॉल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक ने उपस्थित सभी का स्वागत कर कॉलेज एवं डिपार्टमेंट की रिपोर्ट बताई । कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने डिपार्टमेंट में पानी की व्यवस्था हेतु ठंडे पानी की मशीन, शौचालय का नवीनीकरण, क्लास रूम में पंखे, सभी कंप्यूटर को अपग्रेड करने, विद्यार्थियों को रिसोर्ट तथा औद्योगिक फैक्ट्री में भ्रमण की बात बताई तथा दोनों वर्ष के विद्यार्थियों से शतप्रतिशत परिणाम लाने हेतु आग्रह किया। विशेष अतिथि मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने अग्रवाल शिक्षा समिति में उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ लेने हेतु आग्रह किया विशेष कर प्लेसमेंट सेल में सभी विद्यार्थियों को अनुबंध करवाने हेतु ज़ोर दिया तथा अपने भविष्य की चिंता कर अभी से कोई योजना बनाकर उस पर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की । मुख्य अतिथि चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल ने अपने संबोधन में अपने आपको शिक्षा समिति का छात्र बताते हुए उनके द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि आप भी कोई लक्ष्य निर्धारित करें तथा उसको प्राप्त करने हेतु कार्य करें। एकेडमिक डायरेक्टर एवं जॉइंट डायरेक्टर ने भी अपने-अपने विचारों द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशु श्रीवास्तव एवं साक्षी अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मास्टर निखिल एवं मिस गायत्री को क्रमशः मिस्टर एवं मिस एमबीए की उपाधि प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर रश्मि रहीं। सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण बात यह थी कि मंच पर उपस्थित समिति के चारों सदस्य अपने-अपने समय में अग्रवाल शिक्षा समिति के विद्यार्थी रहे चुके हैं। डायरेक्टर डॉ. पल्लवी रंगनाथ ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। समारोह में अग्रवाल शिक्षा समिति के ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल, मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल, एल. एन. गुप्ता इवनिंग कॉलेज के कोरेस्पोंडेंट महेश कुमार अग्रवाल, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सरोज जैन, जॉइंट डायरेक्टर डॉ. राजेश अग्रवाल, कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉ. सी.एच. डालपडाल, डायरेक्टर डॉ. पल्लवी रंगनाथ, डिपार्टमेंट के प्रोफेसर, कॉलेज के लेक्चरर एवं दोनों वर्ष के विद्यार्थीगण बहुत अधिक संख्या में उपस्थित रहे।




## हैदराबाद में 70 फुट ऊंची गणेश प्रतिमा स्थापना की तैयारी

**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आगामी सात सितम्बर को गणेश चतुर्थी के मौके पर भगवान गणेश की 70 फुट ऊंची प्रतिमा की स्थापना के लिए तैयारियां जोरों से चल रही है।श्री गणेश उत्सव समिति (एसजीयूसी) खैरताबाद के संयोजन में पहली बार 70 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी।। पर्यावरण के अनुकूल इस वर्ष गणेश प्रतिमा में सात मुख, सात सांप और 14 हाथ होंगे। आयोजक विशेष आकर्षण के रूप में अयोध्या राम लला की तरह भगवान राम की प्रतिमा स्थापित करने जा रहे हैं। मुख्य गणेश प्रतिमा के अलावा, श्रीनिवास कल्याणम और शिव पार्वती कल्याणम की मूर्तियां भी प्रमुख आकर्षण होंगी।

आयोजकों के मुताबिक चेन्नई, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मुंबई के कारीगर मिट्टी से बनी 70 फुट ऊंची गणेश प्रतिमा तैयार कर रहे हैं। पिछले साल 63 फुट ऊंची मिट्टी की मूर्ति बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया था, जिसका वजन 50 टन तक था। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के पूजा-अर्चना करने की सभी सुविधाएं प्रदान की जा सकें। पहली पूजा राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा की ओर से की जाएगी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के अनुसार 1954 में एक फुट की मामूली मूर्ति के साथ अपनी स्थापना के बाद से खैरताबाद गणेश ने बड़ी संख्या में श्रद्धालु बनाए हैं, जो हर साल देश भर से भक्तों को आकर्षित करते हैं।

## पंजाब नैशनल बैंक में भारतीय अंगदान दिवस मनाया गया




**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पंजाब नैशनल बैंक के हैदराबाद अंचल कार्यालय द्वारा शनिवार को भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर उप अंचल प्रमुख संजय गोविंद राव माने की अध्यक्षता में स्टाफ सदस्यों ने शपथ ली। यह शपथ मृत व्यक्ति के अंगदान करने के बारे में जागरूकता फैलाने और अंगदान और प्रत्यारोपण के महत्व को समर्पित है। इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख संजय गोविंद राव माने ने कहा कि अंगदान मानवता के रक्षार्थ सबसे बड़ा पुण्य है। इसके माध्यम से हम किसी को नया जीवन दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अंगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने, अंगदान से जुड़े मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करने व देश के नागरिकों को मृत्यु के बाद अंगों और ऊतकों को दान करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने, साथ ही अंगदान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए वर्ष 2010 से यह दिवस हर साल भारतीय अंग दान दिवस मनाया जाता है।

आज का शपथ कार्यक्रम उसी कड़ी में है। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक राजकुमार सिन्हा, सीवी राव, वासुदेव कृष्ण एवं मुख्य प्रबंधक एन एस प्रसाद, एम. निधिष, डॉ. साकेत सहाय, सतीश कुमार, नरेन दत्ता व प्रसीता सोनी व अन्य स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# एसबीआई लेडीज़ क्लब ने एनजीओ में रहने वाले बच्चों एवं वृद्धों को दान में दी आवश्यक वस्तुएं

**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**




भारतीय स्टेट बैंक लेडीज़ क्लब, हैदराबाद महिलाओं, लड़कियों और वरिष्ठ नागरिकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए समाज के वंचित वर्ग की सहायता के लिए नियमित आधार पर विभिन्न चैरिटी गतिविधियां चलाता है। एसबीआई लेडीज़ क्लब हैदराबाद की अध्यक्ष रश्मी सिन्हा ने विवेकानंद सेवा संघम एनज-ीओ, मियापुर, हैदराबाद में एक चैरिटी गतिविधि का आयोजन किया।इस अवसर पर रश्मी सिन्हा ने किराने का सामान, होजरी आइटम, स्वच्छता देखभाल, बच्चों के लिए टी-शर्ट, वरिष्ठ नागरिकों के लिए ड्रेस और अन्य आवश्यक वस्तुएं विवेकानन्द सेवा संघम को सौंपी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया और उन्हें दवाएं, टॉनिक और स्वास्थ्य अनुपूरक प्रदान किए गए। एसबीआई लेडीज़ क्लब की अध्यक्ष रश्मी सिन्हा ने स्थिरता पहल के एक भाग के रूप में एनजीओ के परिसर में पौधरोपण गतिविधि भी शुरू की।इस अवसर पर बोलते हुए रश्मी सिन्हा ने कहा कि लेडीज क्लब अपने सदस्यों से एकत्रित धन से चैरिटी गतिविधियां करता है। उन्होंने इस चैरिटी गतिविधि का हिस्सा बनने पर खुशी व्यक्त की। एनजीओ 38 वंचित अनाथ लड़कियों को अच्छा आवास, पौष्टिक भोजन प्रदान करने और साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षित करके सहायता करता है। साथ ही 47 वरिष्ठ नागरिकों को अच्छा आवास, स्वस्थ भोजन, भावनात्मक समर्थन, नर्सिंग सहायता आदि प्रदान करके भी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। क्लब के सदस्य बहुत उत्साही हैं और जरूरतमंदों, वंचितों, निराश्रितों और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों की सेवा करने वाले योग्य संगठनों तक पहुंचने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। कार्यक्रम में गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा सभी को फल एवं जलपान का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिली वर्मा, उपाध्यक्ष, अनिता शर्मा, सचिव और अन्य महिला क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

## एसीबी ने पुलिस उपनिरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने एक पुलिस उपनिरीक्षक को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया।एसीबी के शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार इस मामले में पहला आरोपी अधिकारी वारंगल जिले के पर्वतगिरी थाने के पुलिस उप-निरीक्षक गिउगुलोथ वेंकन्ना है, जिसको एसीबी अधिकारियों ने पर्वतगिरी थाने में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। उन्होंने बताया कि पहले आरोपी ने शिकायतकर्ता बदावथ भास्कर से पुलिस स्टेशन के वाहन चालक पसुनूरी सदानंदम के माध्यम से 40 हजार रुपए की आंशिक रिश्वत राशि ली। विज्ञप्ति में बताया गया कि रिश्वत की मांग आपराधिक दंड संहिता प्रक्रिया (सीआरपीसी) की धारा के तहत नोटिस जारी करने तथा शिकायतकर्ता और दो अन्य को पर्वतगिरी थाने में विशेष राहत कानून (टीएसईए) की धारा के तहत दर्ज आपराधिक मामले में जमानत देने के लिए की गई थी।विज्ञप्ति के मुताबकि रिश्वत की रकम दूसरे आरोपी के कब्जे से बरामद की गई। इससे पहले, पहले आरोपी की मांग पर साथ में मौजूद गवाह अजमेरा वेंकट ने फोनपे के जरिए रामबाबू नाम के एक निजी व्यक्ति को 20 हजार रुपए की रकम स्थानांतरित की।




## मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने हुस्नाबाद विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा



**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने हुस्नाबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हाल ही में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने चिगुरु आम मंडल के मुलकानूर जाते समय रास्ते में धान की रोपाई कर रहे किसानों से मुलाकात की। इस मौके पर किसानों ने उन्हें बताया कि उनकी सरकार के वादे के मुताबिक 1 लाख और 50 हजार से कम वालों का 2 लाख का कर्ज माफ हो चुका है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि यदि किसी किसान की ऋण माफी नहीं हुई है है तो वह मंडल कृषि अधिकारी के साथ मिलकर विवरण दें। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार फसल बीमा योजना चला रही है, पहले जिन लोगों की फसल बर्बाद होती थी, उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलता था। उन्होंने धान की रोपनी कैसे हो रही है, कृषि कार्य कैसे चल रहा है, इसकी जानकारी ली। इस मौके पर किसानों ने अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को समस्या का समाधान करने का आदेश दिया।



# लोहिया न्यास, पित्ती ट्रस्ट–अग्रवाल सेवा दल ने स्कूल एवं अनाथाश्रम को प्रदान की सहायता सामग्री




**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राममनोहर लोहिया समता न्यास, बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट तथा अग्रवाल सेवा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा एसी गाड्र्स मसाब टेंक स्थित गवर्नमेंट स्कूल तथा बेगम बाजार स्थित रेनबो अनाथाश्रम में पढ़ने तथा रहने वाले बाल–बालिकाओं की सुविधा हेतु लगभग डेढ़ लाख रुपए की सामग्री प्रदान की। ।

सेवा दल के प्रचार संयोजक अजित गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट तथा सेवा दल द्वारा अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा सरकारी विद्यालयों के लिए चलाई जा रही सेवा योजनाओं के अंतर्गत सेवा दल के संयोजकों कैलाश केडिया, दीपक गुप्ता, उर्मिला अग्रवाल तथा रत्नम राजू द्वारा बेगम बाजार स्थित रेनबो अनाथाश्रम को वहां रहने वाले बाल–बालिकाओं की सुविधा हेतु एक लाख रुपये मूल्य की तीन अलमारी, वाशिंग मशीन, सिलाई मशीन, फ्रिज आदि प्रदान किये गए। इस अवसर पर बेगम बाजार स्थित अनाथाश्रम की प्रबंधक शिवारानी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ख इसी अवसर पर एसी गाड्र्स मसाब टेंक स्थित गवर्नमेंट स्कूल को वहां शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की सुविधा हेतु लगभग पचास हजार रुपये मूल्य की अलमारियां, ग्रीन बोर्ड तथा लाइब्रेरी रेक आदि प्रदान किये गए ।

लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट के चेयरमेन तथा सेवा दल के परामर्शदाता शरद ब पित्ती ने बताया कि पित्ती ट्रस्ट तथा सेवा दल द्वारा नियमित रूप से अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा सरकारी विद्यालयों का दौरा कर उनकी जरूरतों का पता लगाने के बाद उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार पंखे, ट्यूब लाइट, वाटर कूलर, अलमारी, कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्निचर आदि प्रदान किये जाते हैं। आवश्यकता पड़ने पर जरूरत अनुसार सोलार पैनल भी लगा कर दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि नगर स्थित अनाथालय, वृद्धाश्रम तथा सरकारी विद्यालय इस सेवा योजना का लाभ उठा सकते हैं।




अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में बैंगलोर में 4 अगस्त को होने वाले दक्षिणांचल अधिवेशन में तेयुप हैदराबाद अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा के नेतृत्व में 25 युवकों का प्रतिनिधिमण्डल अधिवेशन में भाग लेने हेतु शनिवार को हैदराबाद से रवाना हुआ।



भावसार क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री विठ्ठल रुकमणी मंदिर जियागुडा में किशन राव कालेकर के सहयोग से जरूरतमंद भावसार बन्धुओं को एक थैला चावल और अचार बांटे गए। अवसर पर उपस्थित ट्रस्टी अध्यक्ष प्रशांत नीमकर, उपाध्यक्ष जयहिन्द राव बासुतकर, महासचिव वसंत राव बासुतकर, सचिव मनोहर चोलकर एवं फकीरचन्द रावुतकर, श्याम नीमकर, आनन्द सुत्रावे, मधुकर गडाले, डॉ. गोपाल राव डगे एवं अन्य भावसार बंधु ने भाग लिया।

## रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने एसएमवीटी बेंगलुरु– कलबुर्गी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)। रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने शनिवार को यादगीर रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव के साथ ट्रेन नंबर 22232 एसएमवीटी बेंगलुरु–कलबुर्गी वंदे भारत एक्सप्रेस को बेंगलुरु मंडल रेल प्रबंधक कार्यके से रिमोट वीडियो लिंक के माध्यम से हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही यादगीर रेलवे स्टेशन पर एक क्षेत्रीय समारोह आयोजित किया गया जिसमें श्री शरणगौड़ा कंदकुर, विधान सभा के गुरमितकल, कार्यक्रम में आर. धनंजयुलु, अपर महाप्रबंधक, एससीआर, एम. विजय कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, गुंतकल मंडल और अन्य रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, वी. सोमन्ना ने कहा कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए खुशी का दिन है क्योंकि यह यादगीर जिले के लोगों के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस है।

उन्होंने बताया कि स्वदेश में विकसित ट्रेन में कई विश्व स्तरीय विशेषताएं हैं जो बेहतर सवारी आराम और अधिक सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करती हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि ट्रेन को कवच – स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली जैसी उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। राज्य मंत्री ने कहा कि ट्रेन यादगीर के लोगों को सुविधाजनक दिन की यात्रा के समय के साथ कलबुर्गी, रायचूर, मंत्रालयम, गुंतकल जैसी छोटी दूरी की यात्रा करने और वापस आने के लिए सुविधाजनक यात्रा सुविधा भी प्रदान करती है।

उन्होंने यह भी कहा कि, यूपीए अवधि (2009–14) के दौरान, वार्षिक औसत अनुदान 835 करोड़ था, जबकि इस वर्ष 2024–25 में अनुदान 7560 करोड़ है।

2004–14 के दौरान केवल 312 किलोमीटर दोहरीकरण रेल लाइनें बिछाई गईं। जबकि पिछले 10 वर्षों यानी 2014– 2024 की अवधि में 1270 किलोमीटर दोहरीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है।

उन्होंने कहा, कर्नाटक के सभी प्रमुख मार्गों को दोगुना कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि कर्नाटक में विद्युतीकरण का 90% काम पहले ही पूरा हो चुका है। पिछले 10 वर्षों में भारत में 31 हजार किलोमीटर रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं। 2014–15 में औसतन

प्रतिदिन चार किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाया गया, जबकि 2023–24 में प्रतिदिन औसतन 14.5 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाया गया है। कर्नाटक में सभी मानव रहित समपार फाटकों को ख़त्म कर दिया गया है। 2014 से अब तक सुगम यातायात की सुविधा के लिए 534 आरओबी/आरयूबी का निर्माण किया गया है। पिछले 10 वर्षों में माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और इसे विश्व स्तर पर ले जाने का प्रयास किया है। इस सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान रेलवे विभाग में पांच लाख नौकरियां प्रदान की हैं। सभी नियुक्तियाँ निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गयी हैं। आम लोगों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा सामान्य श्रेणी के यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए दस हजार सामान्य श्रेणी कोचों के निर्माण की कार्य योजना तैयार की गई है।

इससे पहले, इस अवसर पर बोलते हुए, शरणगौड़ा कंदकुर ने प्रतिष्ठित कलबुर्गी –एसएमवीटी बेंगलुरु–कलबुर्गी वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए यादगीर स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने के लिए रेल राज्य मंत्री को धन्यवाद दिया, जो यादगीर के लोगों की लंबे समय से पोषित आकांक्षा थी। एक्सप्रेस बेंगलुरु के लिए सुविधाजनक और आरामदायक दिन की यात्रा प्रदान करेगी।

## जिनवाणी की कोई सीमा नही होती : धर्मज्योतिजी म.सा



**हैदराबाद, 03 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कलिकाल सर्वज्ञ पूज्य जेष्ठमलजी म.सा की अनुकम्पा से राजस्थान केसरी उपाध्याय पूज्य पुष्करमुनिजी म.सा, श्रमण संघीय आचार्य पूज्य डॉ.शिवमुनिजी म.सा, महाश्रमण पूज्य जितेंद्रमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी जिनशासन चंद्रिका पूज्य गुरुणीमैया शीलकुंवरजी म.सा, जिनशाशन गौरव तत्व चिन्तामणि गुरुणीमैया चन्दनबालाजी म.सा की सुशिष्या धवल यशस्वी चरित्र चिन्तामणि साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभाजी म.सा, साध्वी श्री धर्मज्योतिजी म.सा, नवदीक्षित साध्वी प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का शासनोत्कर्ष वर्षावास 2024 के अंतर्गत जैन श्री संघ मलकपेट के तत्वावधान में बम्ब सिंघी भवन में सुख साता पूर्वक विराज रहे है। चातुर्मास प्रधान संयोजक गिरिराज सिंघी ने बताया कि पुष्कर शील चन्दन दरबार मे साध्वी प्रियांसाश्रीजी म.सा ने अपनी अमृतमय जिनवाणी के माध्यम से जैन आगम में 10 आश्चर्य की प्रवचन श्रृंखला में आज चौते आश्चर्य के बारे में बताते हुए कहा कि परम पिता परमेश्वर भगवान महावीरस्वामी ने हम सब पर बहुत ही बडा उपकार किया जो हमे आगम व जिनवाणी प्रदान की। चौते आश्चर्य के बारे में बताया कि कौशाम्बी नगरी के राजा एक दिन नगर विचरण करते हुवे अचानक उनकी दृष्टि वनमाला नामक श्राविका पर पड़ी जो बहुत ही सुन्दर और रूपवान थी। राजा उसे देखते ही उसी पल उसपर मोहित हो गये और भोगविलास की भावना उनमे उत्पन होने लगी। उसी प्रकार वनमाला भी राजा के रूप, सौन्दर्य, पैसा देखकर राजा के प्रति मोहित हो जाती है और वो अपने पति विरल को छोड़ कर राजा के साथ राजमहल में रहने के लिए चली जाती है। उसके चले जाने से वनमाला का पति विरल अपनी पत्नी के वियोग में इधर उधर भटकता रहता है और उसकी दशा खराब हो जाती है। इधर राजमहल में राजा और वनमाला अपने आप मे मस्त रहते है और अपनी भोगविलास की क्रीड़ा में व्यस्त रहने लगे। एक दिन भटकते भटकते विरल राजमहल के पास आकर खड़ा हो जाता है। उसी वक्त कुछ कारणवश राजा भी अपने कमरे में से बाहर आते है और उनकी नज़र नीचे खड़े विरल पर पड़ती है। विरल को इस यह हालत देख कर राजा सोचने लगता है और उसके किये हुवे कर्मो को याद करके पश्चात्ताप के भाव आते है। जिस समय यह सब हो रहा था उस वक़्त वर्षावास चल रहा था और वर्षावास के दौरान पश्चात्ताप के भाव आने पर उस वक़्त नगरी में एक चमत्कार रूपी दृश्य होता है जहाँ पर ज़ोर से बिजली कड़क थी है और वो बिजली राजमहल में रहे राजा और वनमाला पर गिर थी और उसी वक़्त उन दोनों उसी वक्त अपनी अपनी मृत्य को प्राप्त हो जाते है। इस बात का जब विरल को पता चल था है तब वो यह सुनकर पागल से हो जाता है और थोड़े समय के बाद वो अपने आप को संभालते हुए बाल दीक्षा ग्रहण करके अपना जीवन यापन करने लगता है।

साध्वी धर्मज्योतिजी म.सा ने अपना उदबोधन में कहा कि अगम के माध्यम से की जो तीन काल मे सिद्ध है। ऐसी वाणी को हम कहते है सिद्धांत। जो वाणी प्रथम तीर्थंकर भगवान हमे फरमाते है वो वाणी महान होगी। जिस प्रकार समुद्र के किनारे होते है और उनकी सीमा होती है वैसे जिनवाणी की कोई सीमा नही होती। धर्म सभा का संचालन करते हुवे चातुर्मास प्रधान संयोजक पारस डोसी ने धर्म सभा मे पधारे सभी श्रावक–श्राविकाओ का स्वागत किया। धर्म सभा मे त्रयनगर के विभिन्न क्षेत्रों से धर्मानुरागी श्रावक–श्राविकाओं ने उपस्थित होकर और संघ की शोभा बढ़ाई।

## राज्य एक दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभव से सीख कर आगे बढ़ें : मुर्मु

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश का विकास राज्यों के समावेशी एवं त्वरित विकास पर निर्भर करता है इसलिए सभी राज्यों को एक–दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन के आज राष्ट्रपति के समापन भाषण के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने सम्मेलन में परस्पर सीख की भावना से व्यापक चर्चा करने के लिए राज्यपालों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।



उन्होंने इस बात की सराहना की कि राज्यपालों के विभिन्न समूह अपने कार्यालय के कामकाज में सुधार के साथ–साथ लोगों के कल्याण के लिए अपने मूल्यवान विचार और सुझाव लेकर आए, और विश्वास व्यक्त किया कि इन सुझावों को लागू किया जाएगा। सम्मेलन का दूसरा दिन राज्यपालों के छह समूहों द्वारा अपने विचार–विमर्श के आधार पर प्रस्तुतियाँ देने और राष्ट्रपति के समक्ष भविष्य का रोडमैप सुझाने के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन ने सभी प्रतिभागियों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जिन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्यपालों को प्रभावी कामकाज के लिए संबंधित राज्य सरकारों के साथ जानकारी मांगने और निरंतर संचार बनाए रखने में संकोच नहीं करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने राज्यपालों से राजभवनों में शासन का एक आदर्श मॉडल विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजभवनों के प्रभावी संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का लगातार प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यपालों से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी को अपनाने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। प्रधान मंत्री ने विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्र नेटवर्क की ताकत का दोहन करने का आह्वान किया और उनसे शैक्षणिक परिसरों को नशीली दवाओं से मुक्त बनाने के लिए एक जन अभियान विकसित करने की अपील की। उन्होंने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा सुझाए गए प्राकृतिक खेती का भी उल्लेख किया और अन्य राज्यपालों से अन्य राजभवनों में प्राकृतिक खेती के मॉडल का अनुकरण करने और अपने परिसरों को रसायनों से मुक्त बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजभवनों को दूसरों के लिए प्रेरणा और प्रेरणा का स्रोत बनना चाहिए। राज्यपालों के समूहों द्वारा प्रस्तुत सभी रिपोर्टों के अवलोकन के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना की और बताया कि राज्यपालों और राजभवनों के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी कार्रवाई योग्य बिंदु उठाए जाएंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि देश का विकास राज्यों के समावेशी और त्वरित विकास पर निर्भर करता है। सभी राज्यों को एक–दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र नागरिक जन कल्याण कार्यक्रमों से वंचित न रहे, सरकार ने अंतिम–मील वितरण पर बहुत जोर दिया है। इससे आम नागरिकों का जीवन बेहतर हुआ है। उन्होंने राज्यपालों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सभी लोक कल्याण कार्यक्रमों का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे ताकि समावेशी विकास के लक्ष्य को सही मायने में हासिल किया जा सके। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि सार्थक और समग्र सामाजिक समावेशन के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित कर महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया जा सकता है। साथ ही, महिला नेतृत्व वाले स्टार्ट–अप को बढ़ावा देकर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। उन्होंने राज्यपालों को सलाह दी कि वे समय–समय पर ऐसी सक्रिय महिला उद्यमियों और महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बातचीत करें और उनका मार्गदर्शन करें।राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास की प्रक्रिया में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों की भागीदारी को और बढ़ावा देकर राज्यपाल समावेशी विकास के राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने आदिवासी समुदायों के कल्याण के लिए आवंटित संसाधनों के समुचित उपयोग के लिए राज्यपालों के एक उप–समूह के सुझाव पर प्रकाश डाला और आशा व्यक्त की कि सभी राज्यपाल इस सुझाव को प्राथमिकता देंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि राजभवनों के माहौल में भारतीय लोकाचार प्रतिबिंबित होना चाहिए। राज्यपालों को राजभवनों से आम लोगों का जुड़ाव बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। लोगों को राजभवन के प्रति अपने भवन के रूप में आत्मीयता की भावना रखनी चाहिए। कई राजभवन सार्वजनिक यात्राओं के लिए खुले हैं और अन्य भी इस प्रथा का पालन कर सकते हैं। राजभवन सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर जन सहभागिता बढ़ा सकते हैं।

## वायनाड भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 357 हुई



**वायनाड, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 357 हो गयी। एक अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार मृतकों में 30 बच्चे शामिल हैं। वहीं 309 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जबकि 206 लोग अभी भी लापता हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आज मुंडक्कई में दुर्घटना स्थल से 40 किलोमीटर दूर 18 शव बरामद किये गये।

इसमें चलियार नदी से 12 शव बरामद किये गये।वायनाड में डेरा डाले राज्य मंत्रिमंडल की उप–समिति के सदस्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री पी ए मुहम्मद रियाज ने समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि भूस्खलन में मरने वालों की आधिकारिक संख्या 219 है, जिसमें 98 पुरुष, 90 महिलाएं और 31 बच्चे शामिल हैं जबकि 67 शवों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मेप्पाडी और आसपास के इलाकों में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित 93 राहत शिविरों में 10042 लोग डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज चार शव बरामद किया गया। नदी से कई मानव शरीर के अंग बरामद किये गये हैं जिन्हें डीएनए परीक्षण के लिए शवगृह में रखा गया है। मुंडक्कई, चूरलमाला, पुंचरीमट्टा (भूस्खलन का केंद्र) और मलप्पुरम जिले में चलियार नदी सहित छह क्षेत्रों में 40–40 सदस्यों वाली छह टीमों द्वारा खोज और बचाव अभियान चलाया गया।

उन्होंने कहा कि सेना, प्रादेशिक सेना, डीएससी, एनडीआरएफ, वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक अग्निशमन बल, वन, तमिलनाडु और केरल पुलिस दल, खोजी कुत्ते और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों सहित 1419 कर्मियों के सहयोग से रविवार को भी खोज अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से वीडियो या तस्वीरें लेने के लिए भूस्खलन वाले इलाके में न जाने का आग्रह किया। थर्मल स्कैनर और ड्रोन की मदद से सभी जगहों पर अर्थ रिमूवर (जेसीबी) का उपयोग करके मलबा हटाने का काम किया गया। श्री रियाज ने कहा कि ड्रोन आधारित राडार और खोजी कुत्तों के साथ खोज अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

